हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 जनसरोकार के मुद्दों पर कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन...



14 चारामा अस्पताल में जुआ का मामला...





B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

## दो दिनों की झमाझम बारिश से धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

### किसानों के चेहरे खिले, रोपाई करने वाले किसानों ने कहा कि बारिश होती रही तो जल्द पूरा होगा काम

*कांकेर जिला में दो दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने जिले की सभी तहसील अंचल के किसानों के लिए राहत और उम्मीद दोनों लेकर आई है। लंबे इंतजार के बाद खेतों में पर्याप्त पानी भरने से धान रोपाई ने रफ्तार पकड़ ली है। कुछ दिन पहले तक बारिश के अभाव में चिंतित किसान अब पूरे उत्साह के साथ खेतों में उतर गए हैं।*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर-दुर्गूकोंदल

कांकेर जिला में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने खरीफ सीजन की खेती को नई गति दे दी है। लंबे समय तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से चिंतित किसान अब राहत महसूस ▸▸ शेष पेज 12 पर

### किसानी को मिली गति

*विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सिवनी के किसान परदेसीराम मंडावी, रविंद्र मंडावी, राजकुमार विश्वकर्मा और रोशनी महावीर ने बताया कि समय पर बारिश नहीं होने से रोपाई का कार्य काफी विलंब से शुरू हुआ था। लगातार सूखे जैसे हालात से किसान परेशान थे, लेकिन अब अच्छी बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है, जिससे खेती को नई गति मिली है।*

### खबर संक्षेप



#### व्यापारी के पुत्र की स्मृति में पौधरोपण

**भानुप्रतापपुर।** प्राथमिक शाला कराठी में व्यापारी राजकुमार दुबे ने अपने दिवंगत पुत्र स्व. मलय दुबे की जयंती पर उनकी स्मृति में नारियल के दो पौधे लगाए। इस दौरान पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान, सुमंत सिन्हा, प्रधानपाठिका फूलबाई सिन्हा, शिक्षिका पुष्पा सिंह तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

#### फंदे से लटककर दी जान

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत कानागांव के घर बाड़ी में ग्रामीण का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक करकेपाली कानागांव निवासी 45 वर्षीय सुगचुराम कुरेटी पिता लखुराम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई।

### पीडब्ल्यूडी और पंचायत से कार्रवाई की उम्मीद, व्यवस्था जल्द करने की मांग

## सरोना-दुधावा मार्ग पर जलभराव बना जानलेवा, वर्षों से हर साल यही संकट

**जलभराव से आवागमन हो रहा प्रभावित**

***एक से दो फीट पानी में गुजर रहे वाहन***

***सड़क पर रोज बन रहे दुर्घटना के हालात***

***रखरखाव के अभाव में सड़कें बदहाल***

**हर बारिश में हादसों का बढ़ता है खतरा**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर/सरोना

राज्य सड़क परिवहन मार्ग कांकेर-सरोना-दुधावा पर स्थित सरोना के पेट्रोल पंप के समीप ईमली पेड़ पुल के पास बरसात के दिनों में जलभराव गंभीर समस्या बन गया है। लगभग एक से दो फीट तक पानी जमा होने से यह हिस्सा छोटे-बड़े वाहनों और राहगीरों के लिए खतरे का कारण बन गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हर वर्ष यही स्थिति निर्मित होती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बरसात के दौरान तेज वर्षा होने पर सड़क के ढलान वाले हिस्से में पानी जमा होकर ▸▸ शेष पेज 12 पर

### आज तक नहीं की ठोस पहल

*स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्थान पर जलभराव हो रहा है उसके आसपास इन दिनों नए भवनों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। आरोप है कि निर्माण के दौरान मिट्टी डालकर प्राकृतिक जल निकासी मार्ग को बंद कर दिया गया है, जिससे वर्षा का पानी निकल नहीं पा रहा और सड़क पर जमा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।*

### सड़कों का नहीं होता नियमित रखरखाव

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विभाग में नियमित कर्मचारियों और मजदूरों की कमी के कारण सड़कों का समय पर रखरखाव नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप कई स्थानों पर सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जबकि अनेक जगहों पर जल निकासी अवरुद्ध होने से बारिश का पानी सड़क पर ही भर जाता है। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

### जल निकासी की व्यवस्था करने की माँग

क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग और ग्राम पंचायत सरोना से मांग की है कि ईमली पेड़ पुल के समीप जल निकासी की स्थायी व्यवस्था, आवश्यक पुलिया अथवा नाली निर्माण तथा सड़क की मरम्मत शीघ्र कराई जाए। उनका कहना है कि यह केवल सड़क की समस्या नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बरसात के इस मौसम में कोई गंभीर दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)




## खबर संक्षेप



### निर्माणाधीन छात्रावास का किया निरीक्षण

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोंदल में निर्माणाधीन छात्रावास का जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई एवं उपाध्यक्ष आनंद तेता ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को छात्रावास का कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने की बात कही, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को शीघ्र आवासीय सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान बाबूलाल, राजमन कोवाची एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई भी उपस्थित रहे।

### 8 लीटर शराब जब्त कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** हल्बा चौकी पुलिस ने 22 जुलाई को दोपहर 1 बजें हल्बा में छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी महावीरपारा हल्बा निवासी 40 वर्षीय नकुल देवागंन पिता स्व. परसूराम देवागंन के कब्जे से महुआ शराब को जप्त किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब व नगद 100 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नामांकित पार्षदों का आज शपथ ग्रहण

**कांकेर।** नगर पालिका परिषद कांकेर में नामांकित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 24 जुलाई शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे पुराना कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम होंगे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक करेंगे। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से समारोह में शामिल होकर नव-नामांकित पार्षदों का उत्साहवर्धन करने आव्हान किया है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 24 तक मौका

**कांकेर।** शासकीय महिला आईटीआई कांकेर में कोपा, स्टेनोग्राफर (हिंदी), इलेक्ट्रीशियन, ड्रेस मेकिंग, स्विंग टेक्नोलॉजी और हॉस्पिटल हाउसकीपिंग सहित विभिन्न ट्रेडों में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश चौथे चरण में 31 जुलाई से 2 अगस्त तथा पांचवें चरण में 6 से 8 अगस्त तक होगा।

# जनसरोकार के मुद्दों पर कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन किया, पुतला फूंका

*चारामा में कांग्रेस ने संगठनात्मक मजबूती और जनसरोकार के मुद्दों को लेकर एक बार फिर सड़क से संघर्ष का संदेश दिया। ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक में जहां महापुरुषों को श्रद्धांजलि देकर संगठन विस्तार का संकल्प लिया गया, वहीं बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक मामले और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांकेतिक चक्काजाम कर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विधायक निवास चारामा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिरवेन्द्र साहू ने की और उन्होने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच लगातार संघर्ष करने का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेन्द्र यादव,राजेंद्र सलाम, विकासखंड प्रभारी रोमनाथ जैन सहित अन्य नेताओं ने भी



चारामा कांग्रेस ने बाल गंगाधर तिलक एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती मनाई और सांकेतिक चक्काजाम किया

### कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

*बैठक के दौरान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलकएवं अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर उनके छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद एवं जननायक स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में नीट पेपर लीक प्रकरण से जुड़ी बस्तर की बेटी हरिका राव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। कांग्रेस नेताओं ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।*

### कार्यक्रम में रहे शामिल

*आयोजित कार्यक्रम में सौरभ तारम, भूषण सिन्हा, रानू कमलेश सेन, कृष्णा नायक, गोविन्द पटेल, सत्तार खान, चंद्र कुमार कांगे, केएल मरकाम, किशोर नेताम, मंजू सोनकर, शिवा जुर्री, देवेंद्र सोनी, रमशीला मंडावी, अंजू नाग, प्रेमलता सुकदेवे, जीतेन्द्र साहू, परेशवर साहू, महेंद्र नायक, संतोष शिंदे, देवानंद कोरेटी, विकास मंडावी, बालकृष्णा सलाम, दिनेश राठौर ओमप्रकाश साहू सहित कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## सुरक्षा व्यवस्था और विभागीय लापरवाही पर उठे गंभीर, जांच-कार्रवाई की मांग तेज

# चारामा अस्पताल में जुआ: मामले ने तूल पकड़ा, जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर

*सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में 108 संजीवनी एक्सप्रेस के लिए मौखिक रूप से आवंटित कक्ष में चार दिन पहले दिनदहाड़े ताश के पत्तों पर दांव लगने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला सामने आने के बाद बीएमओ ने संजीवनी टीम को भी तलब किया जा चुका है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में 108 संजीवनी एक्सप्रेस के संचालन के लिए मौखिक रूप से आवंटित किए गए कक्ष में 05 स्वास्थ्य विभाग के शासकीय कर्मचारी और 07 अवांछित लोगों की फड़ लगाकर जुआं खेल रहे थे, जिसे पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ा था। यह मामला केवल जुआ खेलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह की सुरक्षा, निगरानी व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

बताया जाता है कि यह गतिविधि काफी समय से चल रही थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं पड़ी या फिर अनदेखी की जाती रही। अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर अस्पताल परिसर में बाहरी लोगों का इस तरह प्रवेश कैसे हुआ और लंबे समय तक जुए की फड़ संचालित होती रही तो इसकी जानकारी किसी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी को क्यों नहीं लगी।

खास खबर

### विभागीय लापरवाही का गंभीर उदाहरण

*स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में इस तरह की गतिविधियां मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मचारियों के लिए असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं। अस्पताल वह स्थान है जहां मरीज इलाज और राहत की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन यदि वहीं जुए जैसी अवैध गतिविधियां संचालित होने लगें तो यह विभागीय लापरवाही का गंभीर उदाहरण माना*



### प्रभावी कदम उठाने की जरूरत

*स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, नियमित निगरानी बढ़ाने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता जताई है।*

### कार्रवाई का इंतजार

*यह घटना न केवल अस्पताल की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सार्वजनिक संस्थानों में सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था कितनी आवश्यक है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।*

## नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने पीएम और केंद्रीय मंत्री के पुतले फूंके

**भानुप्रतापपुर में धरना-प्रदर्शन के बाद केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को भानुप्रतापपुर में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने छात्रों के भविष्य से कथित खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर द्वारा 23 जुलाई को मुख्य चौक में नीट पेपर लीक प्रकरण, नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों के साथ कथित लाठीचार्ज एवं दुर्व्यवहार तथा विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में सामने आई कथित अनियमितताओं ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उनका कहना था कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सके और छात्रों का विश्वास बहाल किया जा सके।

## ससुराल जाते युवक से मारपीट, 3 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे थाना क्षेत्र के पीव्ही 102 कृषकनगर में पत्नी को लेने ससुराल जा रहे एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीव्ही 102 कृषकनगर निवासी 25 वर्षीय विप्लव मिस्त्री ने थाना बांदे में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 21 जुलाई की रात करीब साढ़े 8



बजे वह अपनी पत्नी को लेने पीव्ही 100 जयरामनगर स्थित ससुराल जाने के लिए घर से निकल रहा था। इसी दौरान उसके बड़े पिता परिमल मिस्त्री, भाई विजय मिस्त्री तथा उनका भांजा राहुल भौमिक उसके घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब विप्लव मिस्त्री घर से बाहर निकलकर उनसे गाली देने का कारण पूछने लगा, तब तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर उसका दोस्त गौतम गोस्वामी बीच-बचाव करने पहुंचा और उसे छुड़ाने का प्रयास किया।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इस दौरान राहुल भौमिक और विजय मिस्त्री ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी, जिसके बाद तीनों आरोपी वहां से चले गए।

*भानुप्रतापपुर में 11वीं राष्ट्रीय गोंडी भाषा मानकीकरण पर हुई कार्यशाला*

# गोंडी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं आदिवासी सांस्कृति की आत्मा : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

गोंडी भाषा को एकरूपता देने और उसे नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की दिशा में भानुप्रतापपुर में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि गोंडी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक है। देश के सात राज्यों से आए भाषा विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और समाज प्रतिनिधियों ने गोंडी भाषा के वैज्ञानिक मानकीकरण पर मंथन




करते हुए इसे शिक्षा, साहित्य और प्रशासन में व्यापक रूप से स्थापित करने का संकल्प लिया। भानुप्रतापपुर में पांच दिवसीय 18 से 22 जुलाई तक चली 11 वीं राष्ट्रीय गोंडी भाषा मानकीकरण पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि गोंडी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने गोंडी भाषा के संरक्षण एवं मानकीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ भाषा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने और उसे सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने गोंडी भाषा के वैज्ञानिक मानकीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे शिक्षा, प्रशासन एवं सामाजिक जीवन में व्यापक रूप से उपयोग करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।

### प्रतिभागियों का किया गया सम्मान

सात राज्यों से आए प्रतिनिधियों, विद्वानों एवं प्रतिभागियों का शॉल एवं सम्मान-चिह्न भेंट करते हुए कार्यशाला में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कार्यशाला के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए इसे गोंडी भाषा के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

### 12वीं कार्यशाला भद्राचलम में

राष्ट्रीय गोंडी भाषा मानकीकरण कार्यशाला के संयोजक मड़ावी नेहरू ने बताया कि अगली 12 वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन भद्राचलम (आंध्र प्रदेश) में प्रस्तावित है। समारोह का समापन गोंडी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के सामूहिक संकल्प तथा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

